बीती जाए उमरिया

बीती जाए उमरिया हे माधव कठिन डगरियाँ,
माया की लगी है बजरियाँ हे माधव कठिन डगरियाँ,

चंचल मन हठ त्यागत नाही,
मृग तृष्णा मन भागत नाही,
ढोले विषय लहरियां के माधव कठिन डगरियाँ,
बीती जाए उमरिया हे माधव कठिन डगरियाँ,

तेरी ही काया तेरी ही माया,
मुर्ख मन कुछ समज न पाया,
पार करो मोरी नाइयाँ के माधव कठिन डगरियाँ,
बीती जाए उमरिया हे माधव कठिन डगरियाँ,

ये संसार है जूठा सपना,
कोई नहीं है प्रभु जी अपना,
छोड़ के न जाना नगरियां के माधव कठिन डगरियाँ,
बीती जाए उमरिया हे माधव कठिन डगरियाँ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13997/title/biti-jaaye-umeriyan-he-madhav-kathin-dagariyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |